# कन्हैया तेरी एक निगाह | by Vaishali Raikwar

हीरे मोती मैं ना चहुँ मैं तो चाहूँ संगम तेरा
मैं तो तेरी कन्हैया तू है मेरा

कन्हैया सांवरिया ...........
तेरी एक निगाह पर मैं वारि वारि जाऊं
नैनो की भूल भुलैया में कहीं मैं ना गुम हो जाऊं
तेरे नाम में खो जाऊं
कन्हैया सांवरिया ...........

करुणा निदान प्यारे करुणा दिखाओ
ओ हारे के सहारे गले से लगाओ
तुम्हे मन की बात अपने खुल कर है आज बताना
एक तेरा आसरा है ये दुश्मन है ज़माना
मुझे हाल ए दिल कन्हैया है तुमको सुनाना
कन्हैया सांवरिया ...........

तुमसे भला छुपा है क्या मेरा फ़साना
तेरे दर सिवा ना कोई दूजा ठिकाना
मैंने कभी न माँगा बिन मांगे सब दे डाला
मैं था भिखारी दर का तूने शीश पर बिठाया
तेरे प्रेम से बड़ा ना कोई खज़ाना
कन्हैया सांवरिया ...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%8f%e0%a4%95-%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%b9-by-vaishali-raikwar/